
# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 18 अक्टूबर 2024

तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 18 अक्टूबर 2024

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]



14 जिले के 5 निकायों के 81 वार्डों व 454..





14 विधायक विक्रम ने जन्मदिन पर मरीजों ...









## खबर संक्षेप



### रानी माई देव मेला का हुआ आयोजन

**चारामा।** शरद पूर्णिमा के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रानी माई भूमकाल समिति के तत्वाधान में भव्य रानी माई देव मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में 12 गांवों के देवी-देवताओं के साथ डांग, डोरी, गुनिया, सिरहा, बैगा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। इस अवसर पर कांकेर महाराज कुमार अश्वनी प्रताप देव, श्रवण दर्रो परगना मांझी ब्लॉक चारामा, यमुना निर्मलकर सरपंच कुरुभाट, हेम मंडावी सरपंच कोटेला, रामशिला मंडावी जनपद सदस्य, पुन्नू लाल जुर्री सरपंच हांका, शत्रुघ्न शोरी सरपंच रानीडोंगरी, हेमचंद साहू उप सरपंच, हेमलाल जुर्री, रोशन नेताम, कृष्णाकांत सिन्हा, रोहित नायक, कमलेश मरकाम, जलिन्दर जर्री, और प्रफुल्ल जुर्री सहित क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### बुजुर्ग ने खाया जहर अस्पताल में मौत

**कांकेर।** छोटेबेठिया थानांतर्गत माचपली निवासी 60 वर्षीय गोपीराम तारम पिता सुनुराम ने जहर खा लिया था। तबियत बिगड़ने की वजह से उसे सीएचसी पखांजुर ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पखांजुर थाना में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी छोटेबेठिया थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### घायल महिला की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर निवासी 57 वर्षीय ईतवारीन कुलदीप पति शिवनाथ का ईलाज के दौरान 1 सितंबर को अस्पताल में मौत हो गया। गोर्वधन राजपूत ने पुलिस को बताया कि मृतिका सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आई थी। ईलाज के लिए रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

अपराध : आरोपियों को संदेह था कि बैगा के जादू टोना के कारण उनके पिताओं की हुई थी मौत

# जादू-टोना का संदेह : भतीजे ने साथियों के साथ बैगा की हत्या की, 6 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- बांसकुंड हत्याकांड की गुत्थी पुलिस पांच दिनों सुलझाई
- बैगा सुगनूराम उसेण्डी की लाश स्कूलपारा खेल मैदान पर मिली थी

बांसकुण्ड में पांच दिन पहले बैगा सुगनूराम उसेण्डी पिता स्व. सन्नूराम उसेण्डी का शव बांसकुण्ड के स्कूलपारा खेल मैदान के पास रास्ते में किनारे पर मिला था। मृतक के दोनो पैर के घुटना के नीचे चोट, दोनो हाथ कोहनी के नीचे एवं बाएं तरफ माथे में चोट व गले में दाहिने साईड गहरा चोट था, खून निकलकर जमीन पर फैला हुआ था। आरोपी भतीजा और उसके साथियों ने बैगा को इसलिए मौत के घाट उतार दिया था कि उनको शक था कि बैगा के कारण ही उनके पिता की मौत हुई है। पुलिस ने इस मामले में 6 आरोपियो को दबोचा और उनके द्वारा हत्या में प्रयुक्त डंडा, टंगिया व कपड़ो को जप्त किया गया। एएसपी मनीषा रावटे ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि मृतक बैगा गुनिया का काम करता था। मृतक का भतीजा रंजीत उसेण्डी के पिता की मौत 3 साल पहले घर बनाते समय बीमार होने से हुई थी। इसी प्रकार गांव के रहने वाले एवं रंजीत उसेण्डी के साथ एक ही स्कूल में पढ़े प्रकाश दर्रो एवं सुनील उईके के पिता की भी मौत पेड़ से गिरने से हुई थी। उक्त तीनों के पिता की अकस्मात मौत होने से तीनों मृतक सुगनूराम उसेण्डी पर शक करते थे,कि इसी के जादू टोना के कारण उनकी अकस्मात मौत हुई है। रंजीत उसेण्डी एवं प्रकाश दर्रो का खेत आसपास ही है, घटना के तीन चार दिन पूर्व दोनो खेत के पास मिले और आपस में बात किए कि बैगा सुगनूराम उसेण्डी के कारण हम दोनो और सुनील के पिता की अकस्मात मौत हुई है, इस कारण उसे मारेंगे। शाम को नदी किनारे मिलते है सुनील को भी वही बुला लेते है। शाम को नदी किनारे रंजीत, सुनील और प्रकाश तीनो ने मिलकर योजना बनाया कि शनिवार या रविवार को मौका देखकर सुगनूराम की हत्या करते है। शनिवार को प्रकाश और सुनील मृतक सुगनूराम को उसके घर जाकर देखे तो वे घर में नही था, फिर तीनों ने योजना बनाया कि रविवार के दिन मारेंगे। शीतला मंदिर खेल मैदान के पास सुनील उईके का घर है, वहीं पर दारू और चिकन पोटी की पार्टी किए। पार्टी में सुनील उईके एवं उसके दोनो सगे भाई जगदीश और अमित भी थे। पार्टी में कौशल मरकाम, तुलेश्वर, सुनाराम, जानसिग दर्रो भी आए थे, लेकिन तुलेश्वर, सुनाराम, जानसिग दर्रो पार्टी से ▶▶| शेष पेज 12 पर

### मौत हुई या नहीं फिर से देखने पहुंचे

बैगा जमीन पर गिर जाने के बाद रंजीत अपने घर और सुनील और प्रकाश सुनील के घर तरफ गए। सुनील के घर में पार्टी कर रहे कौशल, अमित और जगदीश को बताया कि बैगा को हम लोग लाठी डण्डे से मारकर हत्या किए है वो वही रास्ते में पडा है पता नही जिंदा है की मर गया तब पांचों लोग फिर सुगनू राम के पास गए और सब मिलकर फिर उसे लाठी डण्डा हाथ मुक्का से मारपीट किए और मर जाने पर शव को उठाकर रास्ते के किनारे फेक दिए।



### आरोपियों को दबोचा भेजा गया जेल

कोरर पुलिस ने इस मामले के आरोपी 22 वर्षीय रंजीत उसेण्डी पिता स्व. अंकालूराम, 22 वर्षीय प्रकाश दर्रो पिता स्व. समधर दर्रो, 21 वर्षीय सुनील उइके पिता छेरकूराम, 22 वर्षीय अमित उइके पिता छेरकूराम, 23 वर्षीय जगदीश उइके पिता छेरकू राम और 23 वर्षीय कौशल कुमार मरकाम पिता कचरू राम को बांसकुण्ड से दबोचा। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त कुल्हाडी एवं बांस के डण्डे एवं खून लगे कपडे जप्त किए। आरोपियों द्वारा योजना बनाकर मृतक की हत्या की गई है, सभी आरोपियों के विरूद्ध धारा 103(1) के अतिरिक्त पृथक से धारा 238,61 (2), 3 (5) बीएनएस जोडी गई है। आरोपियों के विरूद्ध प्रर्याप्त साक्ष्य पाए जाने से सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

### विवेचना में यह रहे शामिल

बैगा की हत्या के मामले की विवेचना में थाना प्रभारी जितेन्द्र गुप्ता, एसआई कोसिमा, प्रधान आरक्षक कन्हैया पटेल, लकेश रावटे, योगेश मण्डावी ,गम्भीर पाण्डे एवं आरक्षक 735, 2345,1100, 883, 668 द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई।

## ससीब 28 वाहिनी के स्थापना दिवस पर पौधारोपण और खेलकूद का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

28 वी वाहिनी मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ में 28 वीं वाहिनी स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कमान्डेंट अरूण देवगम ने वाहिनी में गार्ड ऑफ ऑनर लिया और इसके साथ ही बल मुख्यालय के निर्देशानुसार 28 वीं वाहिनी को जो लक्ष्य के अलावा अतिरिक्त लक्ष्य दिया गया है, उस लक्ष्य को वृक्षारोपण करके पूर्ण किया गया। 28 वीं वाहिनी के द्वारा विशेषअभियान 4.0 के तहत वाहिनी मुख्यालय और इस कंपनी के अंतर्गत आने वाली समस्त सीओबी समवायो में साफ सफाई अभियान का कार्यक्रम चलाया गया। आयोजित स्थापना दिवस समारोह में 28 वीं वाहिनी अंतागढ़ के कमांडेंट अरूण देवगम ने सभी उपस्थित अधिकारीगण व बल कर्मियों को ड्यूटी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए व साथ ही जवानों का हौसला बढ़ाने के लिए अनेकों प्रकार के खेल स्पर्धा का आयोजन कराया गया, जिसमे वाहिनी मुख्यालय व इसके अंतर्गत आने वाली समस्त सीओबी के जवानों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर खेल स्पर्धा कैरमबोर्ड, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, रस्सा कस्शी एवं अन्य प्रतियोगिताएं कराई गई। खेल स्पर्धा में विजयी होने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया व हारने वाले खिलाड़ियों को भी रनर अप ट्रॉफी देकर उनका मनोबल बढ़ाया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर 28 वीं वाहिनी अंतागढ़ द्वारा सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमे बहादुर जवानों ने हर एक राज्य ▶▶| शेष पेज 12 पर

## बाइक चोरी के आरोपी को नरहरपुर पुलिस ने एक दिन में दबोचा, अब न्यायिक रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



नरहरपुर के ग्राहक सेवा केंद्र में अपने निजी काम से आए ग्रामीण की बाईक को अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया था। ग्रामीण ने आसपास में मौजूद लोगो से बाईक के संबंध में पूछताछ किया, लेकिन कोई जानकारी नही मिलने पर थाना नरहरपुर में चोरी की शिकायत दर्ज कराया था।

नरहरपुर थाना में 16 अक्टूबर को करियापहर निवासी मनोहर सिन्हा ने शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया था कि 15 अक्टूबर को नरहरपुर से मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 व्ही 6845 को कोई अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है। थाना नरहरपुर में अपराध क्रमांक 140/2024 धारा 303 (2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ट अधिकारी एसपी आईके एलिसेला, एएसपी मनीषा ठाकुर रावटे के निर्देशानुसार एवं एसडीओपी अविनाश ठाकुर के मार्गदर्शन पर नरहरपुर में चोरी गई मोटर सायकल एवं आरोपी की पता तालाश के लिए टीम गठित कर पता तलाश शुरू किया गया। पता तलाश के दौरान मुखबीर से जानकारी मिला कि धमतरी जिला के केरेगांव थानांतर्गत ग्राम छिंदभरी निवासी 25 वर्षीय दीपक मंडावी पिता डोमार सिंह मंडावी के कब्जे में उक्त चोरी किए गए मोटर सायकल को देखा गया है। जानकारी की तस्दीक के लिए संदेही दीपक मंडावी को पूछताछ करने पर एवं मेमोरेण्डम कथन में उक्त मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 05 व्ही 6845 को 15 अक्टूबर को नरहरपुर से चोरी करना बताया। आरोपी के पास से चोरी की गई मोटर सायकल को जप्त किया गया, वहीं आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया और न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी नरहरपुर निरीक्षक सुरेश राठौर, मप्रआर योगिता साहु, आरक्षक राजकुमार मरकाम, महेन्द्र चनापे, ऋषि कंवर, नीलेश साहू, लीलाराम साहू का योगदान रहा।

## मुसुरपुट्टा के 10वीं-12वीं के मेधावी छात्रों को हवाई यात्रा के लिए विधायक ने किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुधावा

- किताब के अलावा वास्तविक ज्ञान बच्चों को देकर मुसुरपुट्टा के पालकों ने कमाल किया : विधायक

विकासखंड नरहरपुर के मुसुरपुट्टा में अधिकारी व कर्मचारी प्रकोष्ट के द्वारा 10 वीं और 12 वीं के टॉपर छात्रों को इस वर्ष भी हवाई यात्रा करवाया जाएगा। हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी मुसुरपुट्टा के लोगों ने मंगलवार को संध्या 7 बजे दसवीं, बारहवीं में प्रथम आए छात्र व छात्राओं उनके पालकों और यात्रा में जाने वाले ग्रामीणों को मंगलमय यात्रा की शुभकामना देते हुए राम- जानकी मंदिर में पूजा- अर्चना के पश्चात तिलक लगाकर व हार पहनाकर विदा किया। बुधवार की सुबह 8 बजे काँकेर विधानसभा के विधायक



आशाराम नेताम ने भी यात्रा में जाने वाली टीम को तिलक लगाकर व हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

विधायक ने कहा कि ग्राम मुसुरपुट्टा द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित यात्रा से यहाँ के बच्चों को देश- विदेश भ्रमण करने का बहुत अच्छा अवसर मिल रहा है, उन्होंने किताबी ज्ञान से हटकर वास्विक ज्ञान प्रदान करने के लिए मुसुरपुट्टा के समस्त ग्रामवासियों का प्रशंसा किया। इस हवाई सफर में विद्यार्थियों को देश व विदेश के ऐतिहातिक और पर्यटक स्थलों का भ्रमण करवाया जाता है, जिससे इस गाँव के प्रतिभावान छात्र- छात्राएँ वहाँ की संस्कृति, रहन - सहन, से परिचित हो सकें और उनमें शिक्षा के साथ आत्मविश्वास का भाव भी जागृत हो, जिन चीजों के बारे में वे पुस्तकों में पढ़ते हैं उन्हें अपने जीवन में अनुभव कर सकें। यह हवाई यात्रा विगत कई वर्षों से निरंतर जारी है। इस वर्ष यह प्रतिभावान बच्चे हमारे देश के अयोध्या, वाराणसी शहर के साथ ही नेपाल देश का भ्रमण करेंगे। प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित करने की परंपरा 2008 से मुसुरपुट्टा के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा शुरू किया गया। प्रारम्भ में पांचवीं, आठवीं, दसवीं और बारहवीं के टॉपर छात्रों का सम्मान किया जाता था। वर्ष 2013 से बच्चों में प्रतिस्पर्धा एवं उत्साह की भावना जागृत करने के लिए हवाई सफर कराया जाने लगा, जो अब एक परम्परा का रूप ले चुकी है। अभी तक छात्रों को दिल्ली, मुम्बई,नेपाल, भूटान, सिक्किम, वैष्णोदेवी मंदिर, जम्मू-काश्मीर, श्रीनगर, अमृतसर, ▶▶| शेष पेज 12 पर

## पीएम सूर्य मुफ्त बिजली योजना पर हुई कार्यशाला में सब्सिडी की दी जानकारी



**कांकेर।** जिले में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के सफल क्रियान्वयन के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कांकेर वृत्त कार्यालय में किया गया और इसके बारे में प्रोजेक्टर के माध्यम से जानकारी दिया गया। क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक जगदलपुर एसके ठाकुर एवं कांकेर वृत्त के अधीक्षण अभियंता सीएच मरकाम की उपस्थिति में आयोजित कार्यशाला में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में आरईसी के अधिकारियों के द्वारा विस्तृत जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से हितग्राहियों को कम दरों में दी जाने वाली सब्सिडी के संबंध में बताया गया, साथ ही यह भी बताया कि पीएम सूर्य घर बिजली योजना के लिए सभी बैंको द्वारा कम दरों पर ब्याज ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसके तहत उपभोक्तागण अधिक से अधिक योजना का लाभ उठा सकें और इस योजना का फायदा ले सकतें हैं। इस योजना के तहत सोलर रूफ टॉप के माध्यम से उपभोक्ता अपने घरों में सोलर पैनल स्थापित कर सीधे विद्युत कंपनी के ग्रिड से कनेक्टिविटी कर बिजली का उपयोग कर सकते हैं । पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत एक किलोवाट में 30 हजार रूपएं, 2 किलोवॉट में 60 हजार रूपएं तथा 3 किलोवॉट एवं उससे अधिक के लिए अधिकतम राशि 78 हजार ▶▶| शेष पेज 12 पर

महंगाई से आम आदमी हुआ बेहाल, सब्जियों के दाम आसमान में

# किराना सामान के दामों में लगी आग तो नारियल हुआ 15 से 30 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- नारियल में उछाल दुर्गा पक्ष में शुरू हुआ जो अभी तक कायम है



त्योहारी सीजन में प्रदेश में लगातार महंगाई के कारण आम आदमी परेशान हो रहा है, जहां एक तरफ घरेलू किराना का सामान लगातार महंगा हो रहा है, वहीं पहली बार अचानक नारियल की कीमत भी चिल्हर में डबल रेट पर बिका। आमतौर पर त्योहारी सीजन में नारियल की कीमत 15 रुपए रहता है, लेकिन इस बार चिल्हर में यह 30 रुपए तक बिका, वहीं थोक में यह 20 से 25 रुपए है।

कोराबारियों के मुताबिक आमतौर पर बारह महीनों की तुलना में गणेशोत्सव के दौरान नारियल की बिक्री में दस गुना वृद्धि होती है, वहीं नवरात्रि से लेकर दीपावली तक नारियल की बिक्री 5 गुना तक बढ़ जाती है। नारियल की नई फसल नवंबर-दिसंबर माह में आती है। ऐसे में त्योहारी सीजन में कीमत में कुछ इजाफा होता है, लेकिन इस बार कीमत कुछ ज्यादा ही बढ़ गई है। इसके पीछे का कारण यह है कि उत्पादक राज्यों कर्नाटक और तमिलनाडु में फसल खराब हो जाने के कारण ऐसी परिस्थितयाएं निर्मित हुई। आंध्र प्रदेश में फसल ज्यादा खराब न होने के कारण यहां से जिन राज्यों में ▶▶| शेष पेज 12 पर

### नवरात्रि से हुआ महंगा

कारोबारियों का कहना है कि आमतौर पर नारियल थोक में 10 से 12 रुपए और चिल्हर में 15 रुपए रहता है। कुछ चिल्हर कारोबारी 20 रुपए में बेचते हैं। इस बार नवरात्रि के समय डूमरतराई के थोक बाजार में 17 रुपए में बिकने वाला नारियल 25 रुपए हो गया था, इसलिए चिल्हर में 30 रूपएं में बिका। रायपुर में थोक में नारियल 22 से 25 रुपए में बेच रहे हैं, वहीं चिल्हर में किराना दुकान और पूजा सामान बेचने वालों के पास अलग-अलग कीमत में मिल रहा है। इसकी कीमत चिल्हर में 30 रुपए है।

## देवगांव में जसनि शिविर 18 को

**कांकेर।** विकासखंड नरहरपुर के क्लस्टर सुरही की ग्राम पंचायत देवगांव में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित करने का निर्देश कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने जारी किया है। जारी आदेश के तहत शिविर ग्राम पंचायत देवगांव में 18 अक्टूबर की सुबह साढ़े 10 बजे से दोपहर ढाई बजे तक लगाया जाएगा, जिसमें ग्राम देवीनवागांव, बागडोंगरी, मारवाही, सुरही, धौंराभाठा, भनसुली, बादल, मर्रामपानी, बिरनपुर, डुमरपानी, थानाबोड़ी, नावडबरी, मासुलपानी, कुरालठेमली, डोमपदर, दबेना और देवगांव के ग्रामीण शामिल होंगे। कलेक्टर ने उक्त शिविर में ब्लॉक स्तरीय एवं क्लस्टर स्तर के अधिकारी-कर्मचारी के अलावा सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को भी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए हैं।


पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### बस्तर ओलंपिक के लिए अब तक 5 हजार 959 पंजीकृत

**कोण्डागांव।** राज्य शासन द्वारा बस्तर क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देने और युवाओं के खेल प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से आगामी नवंबर माह में बस्तर ओलंपिक–2024 का आयोजन किया जा रहा है। बस्तर ओलम्पिक में भाग लेने के लिए जिले के युवाओं में बहुत उत्साह देखने को मिल रहा है। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि जिले के सभी विकासखण्डों में अब तक 05 हजार 959 खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन करा लिया है। उन्होंने बताया कि इसके लिए पंजीयन की प्रक्रिया जारी है और पंजीयन की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर है। बस्तर ओलंपिक में भाग लेने के लिए जिले के युवाओं से अधिक से अधिक पंजीयन कराने की अपील की गई है।

### कार्य में लापरवाही बरतने वाले 2 रोजगार सहायक की सेवा समाप्त

**कोण्डागांव।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत 2 रोजगार सहायक को कर्तव्य में लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से सेवा समाप्त किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत माकड़ी द्वारा जारी आदेश के अनुसार कार्यालय जिला पंचायत कोण्डागांव द्वारा जिले के ग्राम पंचायत अनंतपुर में कार्यरत रोजगार सहायक विनोद कुमार मण्डावी और ग्राम पंचायत धालेरी में कार्यरत रोजगार सहायक रंजन नेताम द्वारा मनरेगा कार्यों में रूचि नहीं लेने, अनुपस्थित रहने, निर्माण कार्यों में प्रगति नहीं लाने, कार्यों के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता पर तत्काल प्रभाव से उन दोनों की सेवा समाप्त कर दिया गया है।

### नगर सैनिक भर्ती: निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी 30 तक

**कोण्डागांव।** नगर सैनिक भर्ती के लिए, शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल महिलाओं को आगामी माह में लिखित परीक्षा का आयोजन करने की तैयारी है। उक्त परीक्षा के लिए, जिला प्रशासन द्वारा निःशुल्क कोचिंग एवं मार्गदर्शन का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि यह कोचिंग 30 अक्टूबर तक हर दिन दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक सेन्ट्रल लाइब्रेरी कोण्डागांव में होगी। कार्यक्रम उन महिलाओं के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जो नगर सैनिक भर्ती में भाग लेना चाहती हैं और लिखित परीक्षा की तैयारी कर रही हैं। इस निःशुल्क सुविधा का लाभ लेने के लिए महिला अभ्यर्थी 30 अक्टूबर तक लाइब्रेरी में उपस्थित हो सकते हैं।

# मेले में 320 हितग्राहियों को आवास पूर्णता व नवीन स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित

## पक्के मकान के सपनों को पूरा करने प्रधानमंत्री मोदी दृढ़ संकल्पित: देवांगन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

उद्योग व श्रममंत्री लखनलाल देवांगन ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 320 हितग्राहियों को आवास पूर्णता और स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का सपना है कि हर गरीब के पास पक्का मकान हो। इस योजना से हजारों परिवारों को लाभ हुआ है। आने वाले समय में भी सभी पात्र परिवारों को आवास मिलेगा। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिले में इस योजना की प्रगति के बारे में बताया।

कार्यक्रम में मंत्री श्री देवांगन एवं उपस्थित अतिथियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत जिले के 12 हितग्राहियों को आवास पूर्ण होने पर प्रतिकात्मक चाबी और 42 हितग्राहियों को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र दिया गया। इसी प्रकार 266 हितग्राहियों को नवीन आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किया गया। साथ ही सभी हितग्राहियों को मिट्टी से बने दीये का भी वितरण किया गया। मंत्री लखन लाल देवांगन ने आज जिला खनिज न्यास निधि अंतर्गत जिले में लगभग 441.07 लाख रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इसमें कोण्डागांव व केशकाल विधानसभा अंतर्गत माध्यमिक शाला निर्माण, जर्जर एवं भवन विहीन प्राथमिक शाला भवन का जीर्णोद्धार, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, उद्यानिकी रोपणी नर्सरी में आहता निर्माण, रनिंग मीटर में चौनलिंक फेंसिंग कार्य, ईको पर्यटन केन्द्र टाटामारी में विभिन्न निर्माण कार्य होंगे।



**ये रहे उपस्थित**

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती भगवती पटेल, जनपद पंचायत कोण्डागांव के अध्यक्ष शिवलाल मंडावी, दीपेश अरोरा, मनोज जैन, सोनामनी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों सहित एडीएम चित्रकांत चाली ठाकुर सहित बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही और आवास मित्र उपस्थित रहे।

## बैठक: कलेक्टर ने मातृ एवं शिशु मृत्यु के प्रकरणों की समीक्षा की

# मरीजों की हालत में सुधार नहीं होने पर जिला अस्पताल किया जाए रिफर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में आज जिले में मातृ एवं शिशु मृत्यु के प्रकरणों की समीक्षा की गई। उन्होंने इस दौरान सभी प्रकरणों की जानकारी लेते हुए कहा कि मरीजों को एम्बुलेंस की सुविधा समय पर उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने इसके लिए स्वास्थ्य विभाग को एम्बुलेंस सेवा को बेहतर करने के सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि तीन एएनसी चेकअप के बाद मरीज के स्वास्थ्य में कोई सुधार न हो तो उसे जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करें। जहां मरीज की नियमित निगरानी हो।

- एंबुलेंस सेवा को बेहतर करने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने फैमिली प्लानिंग के लिए शिविर लगाकर ग्रामीणों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने व्हीएचएसएनडी शिविर के नियमित आयोजन करते हुए इसमें प्रगति लाने के लिए सभी बीएमओ को निर्देशित किया। कलेक्टर ने सभी स्वास्थ्यकर्मियों से कहा कि आयुष्मान कार्ड के लिए पंजीयन के लिए शेष नागरिकों का भी शीघ्र पंजीयन कराते हुए जिले की प्रगति को शत–प्रतिशत सुनिश्चित करें। इसके अलावा उन्होंने टीबी मरीजों का चिन्हांकन कर निक्षय मित्र बनाने के साथ जिले में डायलिसिस मरीजों की स्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी बीएमओ अपने–अपने विकासखंड में डायलिसिस के मरीजों का चिन्हांकन कर पंजीयन कराएं। जिला अस्पताल में उपलब्ध डायलिसिस की सुविधा का लाभ दिलाएं। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी–कर्मचारी व प्रकरणों से संबंधित परिजन उपस्थित रहे।



### धान खरीदी केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं सुनिश्चित

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज जिला कार्यालय में धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में खाद्य, कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि धान खरीदी केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने सभी एसडीएम को इन केन्द्रों का निरीक्षण करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि वे धान खरीदी के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी केन्द्रों में धान को रखने के लिए पर्याप्त जगह होनी चाहिए ताकि उठाव समय पर हो सके। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि धान को सुरक्षित तरीके से रखा जाए। कलेक्टर ने वन अधिकार पट्टा वाले किसानों का भी पंजीयन कराने के निर्देश दिए। इससे इन किसानों को भी धान बेचने में आसानी होगी। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे धान खरीदी केन्द्रों पर पर्याप्त मात्र में बारदाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने पीडीएस बारदानों का संग्रहण जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को बफर लिमिट का सही आंकलन करने के निर्देश दिए। बफर लिमिट का मतलब है कि सरकार द्वारा कितना धान खरीदने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित सभी एसडीएम और संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।



# जल जीवन मिशन में मेड़पाल बना हर घर जल प्रमाणित ग्राम



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

जल जीवन मिशन के अंतर्गत कोंडागांव विकासखंड के ग्राम पंचायत बादालूर के ग्राम–मेड़पाल में हर घर जल उत्सव समारोह आयोजित कर प्रमाणीकरण किया गया। इस मौके पर ग्रामसभा में सरपंच श्रीमती हेमलता कोर्राम सहित सचिव, वार्ड पंच, मितानिन एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। जल उत्सव समारोह में जल जीवन मिशन के जिला समन्वय द्वारा ग्रामवासियों को जल कर, सामुदायिक सहभागिता एवं स्वामित्व भावना से योजना का संचालन, संधारण, प्रबंधन जैसे प्रमुख जिम्मेदारी से अवगत कराया गया, ताकि हर घर तक शुद्ध पेयजल की निरंतर आपूर्ति हो सके। साथ ही जल बहिनी, पंप आपरेटर, प्लंबर, हेल्पर और ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति एवं समस्त ग्रामवासियों को अपने–अपने दायित्वों का निर्वहन करने एवं जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया।

**ये रहे उपस्थित** – इस मौके पर सचिव पोकेश्वर नाग, ग्रामसभा मुखिया आशा राम सोढ़ी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के जिला समन्वयक तकनीकी दीपक कुमार, प्रमोद कुमार ध्रुव, परदेशी यादव, प्रकाश ठाकुर सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# सोशल मीडिया में व्यक्तिगत जानकारियां अनजानों से न करें साझा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरसगांव

कोंडागांव जिले में पुलिस प्रशासन द्वारा 5 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक सायबर जन जागरुकता पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत फरसगांव नगर के जनपद स्कूल मैदान में पुलिस विभाग के द्वारा 17 अक्टूबर को सायबर जन जागरुकता पखवाड़ा अभियान एवं यातायात जागरुकता, नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कोंडागांव पुलिस के द्वारा साइबर क्राइम से संबंधित विस्तृत जानकारी दिया गया, और नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से सभी को प्रेरित करने का प्रयास किया गया। जिसमें फरसगांव एसडीओपी अनिल कुमार विश्वकर्मा, फरसगांव पुलिस सायबर सेल की टीम एवं सायबर वालेंटर्स, अन्य स्कूलों के आए समस्त छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे।



**अनजान व्यक्ति को न भेजें पर्सनल जानकारी: एसडीओपी–** एसडीओपी अनिल कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि कैसे आजकल व्हाट्सएप, फेसबुक जैसे सोशल मीडिया का उपयोग करके ऑनलाइन ठगी हो रही है। इसका कारण सिर्फ अपनी व्यक्तिगत जानकारी बिना जांच के किसी अन्य व्यक्ति को साझा करना है। उन्होंने बताया की अपना व्यक्तिगत जानकारी जैसे आधार कार्ड, एटीएम नंबर, पैन कार्ड, ओटीपी इत्यादि किसी भी व्यक्ति को नहीं भेजना है, इससे ऑनलाइन ठगी का संभावना अत्यधिक हो जाती है। कार्यक्रम के दौरान साइबर से संबंधित सारी जानकारियां दी। नाबालिग बच्चों को मोटर साइकिल नहीं चलाने एवं हेलमेट का उपयोग करने कहा गया। नशा उन्मूलन एवं नए कानून के बारे में बताया गया।

**ये रहे उपस्थित–** कार्यक्रम में फरसगांव थाना प्रभारी संजय सिंदे, सायबर सेल जिला कोंडागांव से उप निरीक्षक अमिताभ खांडेकर, सहायक उप निरीक्षक सागरबती, एएसआई पीताम्बर कठार, किशोर प्रजापति, हेड कांस्टेबल जयश्री ध्रुव, सायबर सेल जिला कार्यक्रम में आये हुए स्कूल के शिक्षक व विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

# सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

व्यवहार न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव गायत्री साय एवं चन्द्रप्रकाश कश्यप प्रतिधारक अधिवक्ता नारायणपुर ने सखी वन स्टॉप सेंटर नारायणपुर का किया निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान सखी वन स्टॉप सेंटर के समस्त स्टॉफगण उपस्थित मिले। सभी फाइलों का रख–रखाव व प्रतिदिन कितने प्रकरण आते है व पंजीबद्ध होते है इसका जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान दौरान सखी वन सटॉफ सेंटर में आये पीड़िताओं के लिए व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए समस्त कक्ष का निरीक्षण किया गया। साथ ही पीड़ित महिलाएं जिनको कानूनी मदद की आवश्कता है। उनका आवेदन तैयार कर निःशुल्क कानूनी सलाह/सहायता दिलाने के लिए पैरालीगल वालिंटियर के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव/तालुका विधिक सेवा समिति नारायणपुर में प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया गया। किशोर न्याय बोर्ड नारायणपुर का निरीक्षण करने के दौरान किशोर न्याय बोर्ड नारायणपुर बंद पाया गया। ऐसे में कार्य प्रभावित होने की संभावना पायी जाती है। बंद पाये जाने पर सचिव ने नाराजगी व्यक्त की।



**ये रहे उपस्थित–** इस अवसर पर केन्द्र प्रशासक प्रभारी श्रीमती सरिता बंजारे, घासीराम नेताम, पारेश्वर देवांगन, विवेक कश्यप सहित सखी वन स्टॉप सेंटर नारायणपुर के समस्त स्टॉफगण उपस्थित रहे।

# 6 माह से गुम युवती को पुलिस ने खोजकर परिजन को सौंपा

**फरसगाँव।** थानातंर्गत ग्राम पासंगी निवासी युवती कुमारी आरती पाण्डे पिता पद्म राम पाण्डे उम्र 22 वर्ष जो 20 अप्रैल को घर से कम्प्यूटर क्लास बाजार पारा फरसगांव जाने के नाम से निकली थी। शाम रात तक घर वापस नहीं आने से आसपास पता तलाश बाद गुम इंसान के पिता पद्मराम पाण्डे निवासी पासंगी बड़ेपारा ने अपने पुत्री के गुम इंसान रिपोर्ट दर्ज करवाया था। प्रार्थी के रिपोर्ट के आधार पर फरसगावं पुलिस मामले में गुम इंसान कायम कर गुम युवती की पतासाजी में जुट गई थी। मामले को गंभीरतापूर्वक लेते हुए गुम युवती की पतासाजी हेतु पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार के सख्त आदेश थाना प्रभारी संजय सिन्दे के नेतृत्व में विशेष टीम गठन किया गया था। गुम इंसान की पतासाजी के दौरान गुम युवती को पासंगी पुलिया के पास मिली। पूछताछ बरामदगी पश्चात दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी संजय सिन्दे, महिला प्रधान आरक्षक साधना सिंह, म.आर. वितावरी पाण्डे, आरक्षक कृष्ण कुमार सोनवानी की उल्लेखनीय भूमिका रही है।



# विश्वास डेयरी में मिली गंदगी, कारण बताओ नोटिस जारी

**कोण्डागांव।** खाद्य सुरक्षा अधिकारी डीके देवांगन ने बुधवार को विश्वास डेयरी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में विश्वास डेयरी में मिठाई निर्माण की जगह पर कचरा व गंदगी मिली। इसके साथ ही साफ सफाई का अभाव पाया गया। कमरे में विभिन्न प्रकार का सामान अस्त व्यस्त पड़ा हुआ था। जिस पर दुकान के संचालक को फटकार लगाते हुए उसे तुरंत साफ करने और व्यवस्थित करने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही दुकान संचालक को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया। दुकान से कलाकंद का नमूना लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।



# फर्जी हस्ताक्षर कर डेढ़ लाख से अधिक का आहरण, सरपंच ने थाने में लिखाई रिपोर्ट

**कोण्डागांव।** जिले की ग्राम पंचायत मालगांव सरपंच बुधराम नेताम ने अपने ही पंचायत के सचिव सुखराम देवांगन के खिलाफ कलेक्टर एवं थाना प्रभारी से लिखित शिकायत की है। शिकायत में बताया गया है सचिव सुखराम देवांगन ने बिना मेरे संज्ञान के मेरी फर्जी हस्ताक्षर कर फर्जी बिल लगाते हुए 1 लाख इकसठ हजार रुपए का आहरण किया है। जिसकी जानकारी बैंक ट्रांजेक्शन के एसएमएस के माध्यम से हुई है।



**बैंक एस एम एस को बताया फर्जी -** सरपंच ने बताया कि जब सचिव से पूछा तो बैंक से आये एसएमएस को फर्जी बताया। बैंक स्टेटमेंट निकाल पंचायत में सभी पंच के सामने पेश करने पर बातों को गोल मोल घुमाने लगा। जिसकी लिखित शिकायत कलेक्टर कोंडागांव एवं थाना प्रभारी से की है। मामले की जांच कर शासकीय पैसे के गबन करने वाले व आदिवासी सरपंच के फर्जी हस्ताक्षर करने वाले सचिव सुखराम देवांगन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण, आरोपी हुआ गिरफ्तार

**कोण्डागांव।** थानातंर्गत ग्राम बोरगांव में शादी का झांसा देकर एक युवती के साथ शारीरिक शोषण के मामले में शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार ग्राम बोरगांव में मनीराम मांडवी 23 वर्ष निवासी पुसावंड थाना कोंडागांव ने वर्ष 2021 से पीड़िता को शादी का झांसा देकर उसके साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाया। पीड़िता द्वारा लिखित रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद पुलिस ने विवेचना की। शिकायत के कुछ ही घंटों में आरोपी मनीराम मांडवी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई में निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, उप निरीक्षक शशि भूषण पटेल, सहायक उप निरीक्षक अनीता मेश्राम, प्रधान आरक्षक नरेंद्र देहरी का विशेष योगदान रहा।



# सात्विक अन्न ही संसार परिवर्तन का आधार : मंजूषा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

विश्व खाद्य दिवस पर बुधवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय पावन धाम वृंदावन कॉलोनी जगदलपुर द्वारा ग्राम आरापुर में विश्व खाद्य दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बस्तर संभाग की प्रभारी ब्रह्माकुमारी मंजूषा दीदी ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है, 70 प्रतिशत आबादी कृषि व्यावसाय पर आधारित है। इसलिए खेती करने वाले किसान को अन्नदाता कहा जाता है। भारत को आध्यात्म देश देवभूमि कहा जाता है। बेहतर उत्पादन, बेहतर पोषण, बेहतर वातावरण और बेहतर जीवन के प्रति जागरूकता लाने और प्रत्येक व्यक्ति तक पौष्टिक आहार पहुंचाने के उद्देश्य से यह दिवस ब्रह्माकुमारीज के कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग द्वारा मनाया जा रहा है।




जीवन में सुख-शांति व समृद्धि प्राप्त करने के लिए अन्न जल की आवश्यकता के साथ-साथ उनकी शुद्धता पर भी ध्यान रखना अति आवश्यक है। वर्तमान समय उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए रासायनिक खाद का उपयोग अत्याधिक मात्रा में किया जा रहा है, इस कारण पौष्टिक आहार नहीं मिल पा रहा है। जिसकी वजह से शरीर में कई प्रकार की बीमारियां हो रही है। स्वस्थ जीवन के लिए सुरक्षित भोजन तथा पौष्टिक आहार की आवश्यकता है। सात्विक अन्न ही संसार परिवर्तन का आधार है।

व्यक्ति के भौतिक विकास के साथ आध्यात्मिक उन्नति भी जरूरी है। परमात्म याद से हम अपने मन को शुद्ध बनाकर प्रकृति को भी सकारात्मक वायब्रेशन पहुंचायें। शुद्ध अन्न पवित्र औषधि के रूप में हमारी सुरक्षा करता है। इस अवसर पर पूर्व जनपद अध्यक्ष मीरा कच्छ ने भी जैविक, यौगिक खेती करने के लिए ग्रामवासियों को प्रोत्साहित किया तथा लैम्पस अध्यक्ष देवी भाई ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का कुशल संचालन बीआरसी रमझम कच्छ ने किया।

पेज 11 के शेष...

### जादू-टोना का संदेह...

जल्दी निकल गए, उसके बाद सुनील, प्रकाश, अमित, जगदीश एवं कौशल ही थे। शाम को रंजीत ने सुनील को फोन किया की बैगा शीतला मंदिर के पास से अपने घर तरफ जा रहा है, जल्दी आओं वही पर उसे मारेंगे। सुनील अपने घर से टांगी लेकर प्रकाश के साथ शीतला मंदिर के पास गया, वहाँ पर प्रकाश और रंजीत ने भी वही पर पड़े बास के डण्डों को उठाया और सुगनूराम के पीछे जाकर तीनों लोगो ने मिलकर टांगी लाठी डण्डे से मारपीट किया।

### ससीब 28वाहिनी...

के लोकप्रिय नृत्य में भाग लिया जैसे कि पंजाब का भागड़ा, आसाम का बिहू, उड़ीसा व छत्तीसगढ़ का संबलपुरी। इस मौके पर थॉमस चाको, उप महानिरीक्षक, क्षेत्रक मुख्यालय विशेष प्रचालन भिलाई तथा अन्य बलो के कमान्डेंट और अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### मुसुरपुट्टा के 10वीं-12वीं...

हैदराबाद, मदुरई, बेंगलुरु, अहमदाबाद, उज्जैन, हरिद्वार, बेंगलुरु, वाघा बॉर्डर, कन्याकुमारी, तिरुपति, शिर्डी, सिंगनापुर और गुजरात आदि पर्यटन एवं ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया जा चुका है। इस हवाई यात्रा का आनन्द विद्यार्थियों के साथ पालक भी उठाते हैं। ग्रामवासियों को भी इस हवाई यात्रा में सफर करने का अवसर मिलता है। इस वर्ष की हवाई यात्रा रिटायर्ड सैनिक दिनेश सार्वा और प्रधान पाठक धनराज भास्कर की अगुआई में कराई जा रही है। इस यात्रा में दसवीं व बारहवीं के टॉपर बच्चे काव्यांश कलिहारी और सीमा साहू के साथ उनके माता-पिता विजय कलिहारी, त्रिवेणी कलिहारी, धनराज साहू , राजेश सुरोजिया, जीवन चक्रधारी, नारदराम साहू, खिलेश्वरी साहू, धन्नू राम भारती, रेणुका भारती, द्रौपती, शिवप्रसाद साहू,संगीता साहू ,चमन, साधना सार्वा, बंटी कुमार साहू, मालती नाग कुल 18 लोग जा रहे हैं। विदाई समारोह में देवकरण भास्कर, राजेश कलिहारी, गुलेश साहू, अरविंद भारती, लकेश नाग, रोम साहू, टीकम चन्द्रवँशी, राधे लाल कलिहारी एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### पीएम सूर्य मुफ्त...

रूपएं सब्सिडी योजना के तहत दिया जाना है। कंपनी का राजस्व बकाया वसूली एवं ट्रांसफर फेल कम करने के लिए समुचित प्रयास किए जाने का निर्देश भी कार्यपालक निदेशक द्वारा दिया गया। कार्यशाला के दौरान कार्यपालन अभियंता कार्यालय अधीक्षण अभियंता केके साव, एसके किण्डो, एसपी जैकब, एके ठाकुर, पीव्हीराजेश, आरके बांस्कर, बीएस राजपुत, बीपी दीपक एवं प्रदीप अग्रवाणी, सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता एवं आरईसी के अधिकारी उपस्थित रहें।

### किराना सामान के...

नारियल जाता है, वहां पर ज्यादा असर नहीं हुआ है।कांकेर जिले के साथ प्रदेश भर में नारियल पानी की कीमत भी बढ़ गई है। आमतौर पर नारियल पानी 25 से 30 रुपए में मिलता है, लेकिन इस समय इसकी कीमत 60 से 70 रुपए हो गया है।

## खबर संक्षेप

### विधायक ने की मां लक्ष्मी की पूजा



दरभा। चितापुर ग्राम में गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल पहुंचे। जहां उनके गांव चितापुर में ग्राम प्रमुखों के द्वारा मां लक्ष्मी पूजा का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक विनायक गोयल ने मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना की। मौके पर विधायक ने कहा कि लक्ष्मी पूजा का आयोजन भव्य है। इसमें जुड़े लोगों को बधाई देते हुए कहा कि मां लक्ष्मी की पूजा से धन-संपत्ति की भरमार होती है। उन्होंने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार महालक्ष्मी देवी धन-धान्य की अधिष्ठात्री हैं। इनके पूजन से दरिद्रता का नाश होता है तथा धन वैभव की प्राप्ति होती है।

### बुरगुम के स्कूल में न्यौता भोज से बच्चों में दिखी खुशी



नकुलनार। कुआकोंडा ब्लॉक के अंदरूनी स्कूल पुजारीपाल बुरगुम में आज न्यौता भोज कार्यक्रम किया गया। दरअसल दंतेवाड़ा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में छात्रों के बीच जनप्रतिनिधि अधिकारी पहुंचकर न्यौता भोज कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी के तहत कुआकोंडा ब्लॉक के 12 संकुल के 25 स्कूलों में इस आयोजन को किया गया। नक्सल प्रभावित बुरगुम के पुजारीपाल स्कूल में न्यौता भोज कार्यक्रम करने के लिये नदी पार कर शिक्षक और अधिकारी पहुंचे थे। जहां स्वादिष्ट पकवान का आनंद बच्चों और पालकों ने जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर लिया। इस आयोजन में एसएमसी सदस्य और छात्रों के पालक भी शामिल हुये।

### पूर्व सीएम और मंत्री की तस्वीरें कूड़ेदान में फेंकने पर उठा बवाल

# कांग्रेसियों ने घेराव कर परियोजना अधिकारी पर एफआईआर के साथ निलंबन की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार

खबर का असर

दंतेवाड़ा जिले के कुआकोंडा में महिला बाल विकास विभाग द्वारा छग की पूर्व सरकार में सीएम रहे कांग्रेसी नेता भूपेश बघेल और अनिला भेड़िया की सैंकड़ों तस्वीरें कार्यालय के गोदाम के सामने कूड़ेदान में बच्चों को बांटने वाली मूंगफली चिक्की के साथ फेंक दिया था। जिस खबर को हरिभूमि समाचार पत्र ने सबसे पहले प्रमुखता से उठाया था। खबर प्रकाशित होते ही कांग्रेसियों ने अपने नेता की तस्वीर कूड़ेदान में फेंकने की बात को लेकर कुआकोंडा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भास्कर राठौर के नेतृत्व में कुआकोंडा आईसीडीएस कार्यालय घेराव करने पहुंच गये।


कुपोषण को मिटा नहीं पाये, तो विभाग ने जला दिए पूर्व सीएम और मंत्री की तस्वीरें
सुपोषण अभियान की दम तोड़ती तस्वीरें कुआकोंडा आईसीडीएस विभाग में दिखी

#### भारी सुरक्षा बल तैनात

कांग्रेसी कार्यकर्ता जब कार्यालय घेराव के लिये निकले तो तनाव की स्थिति से निपटने के लिये कुआकोंडा थाने से पर्याप्त जवानों का बल भी लगाया गया था। जिसके बाद कांग्रेसी कार्यकर्ता सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए घेराव करने पहुंचे।

#### एफआईआर व कार्रवाई की मांग की

तस्वीरें कूड़ेदान में फेंकने के मामले में आईसीडीएस अधिकारियों से नाराज कांग्रेसियों ने एक ज्ञापन कुआकोंडा तहसीलदार महेश कश्यप को सौंपकर कुआकोण्डा परियोजना अधिकारी अनिल लुनिया पर एफआईआर, फिर जांच उपरांत निलबंन की कार्यवाही की मांग की है। वहीं ब्लॉक अध्यक्ष भास्कर राठौर ने कहा कि आईसीडीएस विभाग में जो भी योजना हमारे कार्यकाल में अच्छे से चल रही थी। उन सब योजनाओं पर भाजपा आने के बाद से ब्रेक लग गया है। बेलगाम अधिकारी मनमानी करते हैं। इस तरह हमारे नेताओं की तस्वीरों के साथ जो हरकत विभाग ने किया है, इसे हम बर्दाश्त नही करेंगे।



## महिला आयोग में नियुक्त सदस्य ओजस्वी और दीपिका ने किया पदभार ग्रहण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

राज्य महिला आयोग में महिला सदस्यों की नियुक्ति शासन द्वारा की गई। दंतेवाड़ा की ओजस्वी मंडावी और सुकमा की दीपिका सोरी ने आज आयोग कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने नवनियुक्त सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए महिलाओं के हितों में मिलकर कार्य करने कहा। ज्ञात हो कि राज्य महिला आयोग के पुराने सदस्यों का कार्यकाल 27 जून 2024 को समाप्त हो गया था। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र भेज कर राज्य महिला आयोग के सभी 5 सदस्यों की जल्द से जल्द नियुक्ति के साथ ही सभी संभाग से खासकर सरगुजा एवं बस्तर संभाग से सदस्यों की नियुक्ति की मांग की गई थी। जिस पर अमल करते हुए राज्य शासन द्वारा सरगुजा, बस्तर, रायपुर संभागों से सदस्यों की नियुक्ति करने पर डॉ. किरणमयी नायक ने मुख्यमंत्री का आभार माना। आयोग कार्यालय में सदस्यों के पदभार के दौरान बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, राज्य महिला आयोग के सचिव मनोज कुमार सिन्हा, सहायक संचालक पुष्पा किरण कुजूर, आयोग के कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के सम्बध में कलेक्टर ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



कलेक्टर संबित मिश्रा ने नगरीय निकाय चुनाव एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के सम्बध में जानकारी दी।

बुधवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर संबित मिश्रा ने प्रेस कांफ्रेंस कर नगरीय निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बारे में पत्रकारों से चर्चा कर जानकारी दिया है। कलेक्टर ने बताया कि आगामी नगरीय निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होने है। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जायेगा।

कलेक्टर मिश्रा ने बताया है,कि जिले के चारों ब्लॉकों में मतदाताओं की संख्या कुल 1,43725 है। जिसमें महिला मतदाता 74700 पुरूष मतदाता 69017 और थर्ड जेंडर 8 है। नगरीय निकाय बीजापुर के 15 वार्डों में दावा आपत्तियों के लिए नियुक्त किये गये है। 16 से 23 अक्टूबर तक दावा आपत्तियां की जा सकती है और 24 से 29 अक्टूबर तक दावा आपत्तियों का निराकरण किया जायेगा। वहीं नगरपालिका परिषद बीजापुर के निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 22 नवम्बर को किया जायेगा। नगरपालिका परिषद बीजापुर में कुल मतदाता 13506 है,जिसमें पुरूष मतदाता 6653 महिला मतदाता 6853 है।

## माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास योजनाओं के कारगर क्रियान्वयन पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



बस्तर संभाग के कमिश्नर डोमन सिंह की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में गुरुवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास योजनाओं के कारगर क्रियान्वयन और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर गहन चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन, अपर कलेक्टर गजेंद्र ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरपुंजे सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। इसके साथ ही वीसी के माध्यम से कोंटा, सुकमा और छिंदगढ़ के अधिकारी-कर्मचारी जुड़े थे।

- बस्तर ओलम्पिक में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करें : कमिश्नर

कमिश्नर ने बस्तर ओलम्पिक में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को स्कूल शिक्षा, आदिवासी विकास, महिला एवं बाल विकास इत्यादि विभागों से समन्वय कर पंजीयन प्रक्रिया को तीव्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक ग्राम पंचायत से लगभग 100 लोगों का पंजीयन किए जाने कहा। इस दिशा में शिक्षकों, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, मितानिनों के सहयोग से प्राथमिकता के साथ निर्धारित समय-सीमा में ज्यादा से ज्यादा पंजीयन किए जाने के निर्देश दिए।

#### स्वच्छता अभियान चलाए जाने पर बल

कमिश्नर ने प्रत्येक महीने के तीसरे शनिवार को जिला स्तरीय और ब्लॉक स्तरीय कार्यालयों में स्वच्छता अभियान चलाने का निर्देश दिया, ताकि कार्यालयों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जा सके। साथ ही जन चौपाल का आयोजन ग्राम पंचायत और तहसील स्तर पर करने पर जोर दिया गया। जिसमें मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कर आम जनता की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर किए जाने के निर्देश दिए।

#### विकास योजनाओं की समीक्षा

बैठक के दौरान बीते माह आयोजित कलेक्टर कॉन्फ्रेंस के एजेंडा पर चर्चा की गई। विशेष रूप से माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में चल रही योजनाओं की प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया गया। नियद नेल्लानार योजना के तहत विकास कार्यों की स्थिति पर भी अद्यतन प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। कमिश्नर सिंह ने सभी अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

#### राजस्व मामलों के निराकरण स्थिति की समीक्षा

राजस्व मामलों के निराकरण सहित भूमि आबंटन के प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ निपटाने के निर्देश दिए गए। साथ ही पीएम उज्ज्वला योजना और श्रम कार्ड के पंजीयन में तेजी लाने का आग्रह किया गया। नगरीय निकायों को आवारा मवेशियों के प्रबंधन के लिए कांजी हाउस स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में नक्सल पीड़ित परिवारों को अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने की प्रक्रिया की स्थिति पर भी चर्चा किया गया।

## साइबर टीम ने चलाया जन जागरूकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला पुलिस दन्तेवाड़ा की साइबर संगवारी टीम द्वारा शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दन्तेवाड़ा में जन जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला पुलिस दन्तेवाड़ा के द्वारा जिले की डिजिटल सुरक्षा को सशक्त बनाने और नागरिकों को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखने के लिये साइबर संगवारी जन जागरूकता पखवाड़ा अभियान के तहत बुधवार को जिला दन्तेवाड़ा साइबर सेल की साइबर संगवारी टीम द्वारा शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दन्तेवाड़ा में छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों को साइबर अपराधों से बचने एवं साइबर अपराधियों के जाल में नही फंसने के सशक्त उपाय बताकर साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम के तहत साइबर नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक कल्पना वर्मा एवं साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक हेमशंकर गुनेन्द्र के द्वारा शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दन्तेवाड़ा के छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों को साइबर धोखाधड़ी से बचने सरल भाषा में समझाया और बताया कि किसी प्रकार के लुभावनें ऑफर व लिंक से दूर रहें।

## कलेक्टर ने स्वास्थ्य केन्द्र का किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस ने गुरुवार को अपने पहले निरीक्षण दौरे में जिले के बकावण्ड विकासखण्ड के स्वास्थ्य केन्द्र एवं आयुष्मान कार्ड निर्माण शिविर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मालगांव के वेलनेस सेंटर निरीक्षण में ओपीडी की स्थिति, एएनसी की स्थिति, संस्थागत प्रसव की स्थिति, स्टॉफ की स्थिति एवं उपस्थिति पंजी का जायजा लिया। साथ ही कोल्ड चैन पाइंट का अवलोकन वैक्सीनेशन के स्टॉक, बच्चों को बूस्टर डोज लगाने की स्थिति की जानकारी ली। मालगांव सेक्टर में टीबी, लेप्रोसी के केस की स्थिति की जानकारी लेकर टेस्टींग की संख्या को बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने औषधि भण्डारण कक्ष में दवाईयों की उपलब्धता, एन्टी वेनम तथा रेबीज की दवाई की स्थिति, पैथोलाजी कक्ष में प्रतिदिन की जानी वाली स्वास्थ्य जांच की संधारित पंजी का अवलोकन किया। उन्होंने आयुष्मान कार्ड पंजीयन स्थिति की जानकारी ली और शत-प्रतिशत सेचुरेशन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

## जनसंख्या में वृद्धि के बाद भी पंचायत चुनावों में भागीदारी व प्रतिनिधित्व नगण्य

बीजापुर। जिले में जहां सबसे बड़ी संख्या अनुसूचित जनजाति वर्ग की है, वहीं दूसरी सबसे बड़ी संख्या अनुसूचित जाति वर्ग की है। मात्रात्मक त्रुटि में सुधार पश्चात आए आदेश के बाद अब संख्या में और ज्यादा वृद्धि हो गई है। बावजूद इसके अनुसूचित जाति वर्ग (एससी) की त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में भागीदारी और प्रतिनिधित्व नगण्य है। जबकि कम जनसंख्या के बावजूद सामान्य वर्ग के लिए बीजापुर जिले में जिला पंचायत के दो सीट आरक्षित हैं। जिसमें गंगालूर और तिमेड़ शामिल हैं। इन दोनों इलाकों में अनुसूचित जाति वर्ग की बहुतायत है। साथ ही साथ उसूर विकासखंड में भी अनुसूचित जाति वर्ग की बहुतायत है। बीजापुर जिला पंचायत में कुल 10 सीटें हैं, जिसमें 8 सीट अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित हैं। वहीं गंगालूर और तिमेड़ सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित सीटें हैं। जबकि इन दोनों सीटों पर अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों की बहुलता है। अब अनुसूचित जाति वर्ग के पदाधिकारी अपने प्रतिनिधित्व को लेकर मांग कर रहे हैं। सेवानिवृत्त शिक्षक डी. नागेश्वर बताते हैं कि अविभाजित मध्यप्रदेश से हम अपने प्रतिनिधित्व को लेकर समय समय पर मांग करते रहे हैं। मात्रात्मक त्रुटि की वजह से हमें लंबा और कठिन संघर्ष करना पड़ा था। आखिरकार अब अनुसूचित जाति के प्रमाणपत्र बनने लगे हैं। हम सरकार से और महामहिम राज्यपाल से भी मांग करेंगे कि बीजापुर जिले में अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को जिला पंचायत, जनपद पंचायत और ग्राम पंचायतों के चुनावों में प्रतिनिधित्व करने का हक और अधिकार दें।

## 10 दिन में राशि नहीं मिलने पर पूर्ण बंद करने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विद्युत वितरण केंद्रों में कार्यरत ठेका कर्मचारियों को 9 माह का ईपीएफ, ईएसआईसी और 2 माह का वेतन, दिवाली बोनस नहीं होने से कर्मचारी परेशान हैं। कर्मचारियों ने कार्यपालक निदेशक को पत्र देकर 10 दिन में ईपीएफ, ईएसआईसी, 2 माह का वेतन, दिवाली बोनस नहीं मिलने की स्थिति में कर्मचारी पूर्ण बंद करने की चेतावनी दी।

जगदलपुर क्षेत्र के सभी 33/11 केव्ही विद्युत वितरण केंद्रों में कार्यरत ठेका कर्मियों को विगत 9 माह का ईपीएफ एवं ईएसआईसी राशि और 2 माह का वेतन लंबित है। साथ ही 8-9 महीनों से कर्मचारियों का ना ही बीमा किया गया ना ही ईपीएफ राशि दिया गया न ही समय पर वेतन भुगतान किया जा रहा है। वर्तमान में भी 2 माह का वेतन अप्राप्त है। वर्तमान में त्योहारों का समय है, वेतन भुगतान नहीं होने से हम समस्त कर्मचारी आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों का सामना कर रहे है। समस्त कर्मचारियों का लंबित वेतन, ईपीएफ एवं ईएसआईसी राशि जल्द भुगतान करने की मांग की। इसके अलावा 10 दिवस में लंबित पूरा ईपीएफ, ईएसआईसी राशि एवं 2 माह का वेतन, दिवाली बोनस समस्त कर्मचारियों को नहीं मिलने पर पूर्ण बंद करने की चेतावनी दी।

#### स्वीकृति का इंतजार

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि ठेका कर्मचारियों के पत्र पर स्वीकृति के लिए मुख्यालय भेजा गया है। मुख्यालय से स्वीकृति होते ही कर्मचारियों को ईपीएफ, ईएसआईसी, 2 माह का वेतन, दिवाली बोनस दिलाया जाएगा।

### कलेक्टर ने सरस मेला के स्टाल का किया अवलोकन

जगदलपुर। बस्तर मड़ई और क्षेत्रीय सरस बस्तर मेला में कलेक्टर हरिस एस. सपरिवार सरस मेला के स्टाल का अवलोकन किये। क्षेत्रीय सरस मेला में छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्य से स्व-सहायता समूह द्वारा लगाए गए 180 स्टॉल में विविध प्रकार के उत्पाद का प्रदर्शन सह विक्रय हेतु लगाए गए समस्त स्टॉल का विजिट किया।




## महापौर निधि की जांच व भौतिक सत्यापन हो : सुशील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



महापौर निधी से महापौर ने अपने पूरे कार्यकाल में एक भी शिलालेख नहीं लगाया है। शहर में कोई शिलालेख नहीं है न ही इनका किसी कांग्रेसी वार्डों में विकास पहुंच रहा है, आखिर महापौर निधि जा कहा रही है। कांग्रेस में रहते हुए महापौर सफीरा साहू को अपनी कार्यशैली में सुधार करने लगातार आगाह किया गया था। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रवेश पश्चात आज पर्यन्त तक महापौर निधि की जांच तक नहीं हुई है, जबकि पूर्व में भाजपा महापौर निधी की जांच की मांग करते रहे। कांग्रेस मांग करती है कि महापौर निधि की जांच एवं इसकी भौतिक सत्यापन हो। कांग्रेस कमेटी के शहर जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य ने राजीव भवन में गुरूवार को आयोजित पत्रवार्ता में कही। नेता प्रतिपक्ष उदयनाथ जेम्स और उप नेता प्रतिपक्ष राजेश राय ने कहा महापौर सफिरा साहू ने जो भ्रष्टाचार किया है, उसकी जांच प्रशासन को करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महापौर निधी की और लोक निर्माण विभाग की जानकारी में कई अंतर है, यहां तक की एक जगह दो-दो निर्माण कार्य बताया गया है। उन्होंने कहा कि माईकल गली कहां और किस वार्ड में आता है, इसकी किसी को पता ही नहीं है। महापौर निधि से माईकल नामक गली में पाइपलाइन विस्तारीकरण को लेकर पूरे 2 लाख रुपए का गबन किया गया है, जबकि आदेशित पत्र में न ही इस माईकल नामक गली के वार्ड का नाम अंकित है और न ही इस माईकल गली को कोई जानता है फिर कहा कि माईकल गली के पाइपलाइन विस्तारीकरण का कार्य महापौर द्वारा करवाया जा रहा है।

- पाइपलाइन विस्तारीकरण को लेकर 2 लाख का गबन





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### किसानों को खाद व कृषि यंत्रों का किया वितरण

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत 17 अक्टूबर को आत्मा योजनांतर्गत वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय दुर्गुकोंदल में डीआर कोमरा की उपस्थिति में ग्राम चिहरों, चेमल, कोंडरूंज, बरहेली में खरीफ फसल प्रदर्शन लगाए कृषकों को नैनों यूरिया, नैनो डीएपी तरल खाद, फफूंद नाशक तथा कोदो और रागी फसल प्रदर्शन लगाए किसानो को बैटरी स्प्रेयर का निःशुल्क वितरण किया गया। नैनों यूरिया एवं नैनो डीएपी के उपयोग एवं उससे होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताया गया एवं बैटरी स्प्रेयर के सही संचालन एवं रख रखाव के बारे में अवगत कराया गया। इस दौरान ब्लॉक टेकनोलॉजी मैनेजर विश्वदेव बंजारा, असिस्टेंट टेक्नोलॉजी मैनेजर बलवंत बघेल, कृषक मित्र सोनू जाड़े एवं कृषक बंधु उपस्थित रहें।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत साल्हेटोला निवासी 21 रवि कोड़ोपी ने 15 से 16 अक्टूबर के बीच फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। साल्हेटोला निवासी 28 वर्षीय रामरतन कोड़ोपी ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### रेडक्रॉस वार्षिक सभा के लिए बैठक नवम्बर में

**कांकेर।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी राज्य शाखा के आदेशानुसार जिला शाखा कांकेर में प्रबंध समिति के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस संबंध में जिला शाखा के सदस्यों की अंतिम रूप से प्रकाशित सूची तैयार हो चुकी है। जिले में पंजीकृत संरक्षण, उप संरक्षक एवं आजीवन सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कलेक्टर एवं अध्यक्ष इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के आदेशानुसार 13 नवम्बर को 11 बजे से पीएमश्री नरहरदेव उत्कृष्ट विद्यालय के प्रांगण में साधारण सभा की बैठक का आयोजन किया जाएगा। उक्त बैठक में जिला प्रबंध समिति के गठन की कार्यवाही की जाएगी।

त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकायों में चुनाव के लिए निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

# जिले के 5 निकायों के 81 वार्डों व 454 पंचायतों में निर्वाचन जल्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायतों में आम निर्वाचन के लिए निर्वाचक नामावली तैयार करने कार्यक्रम जारी किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीलेश क्षीरसागर ने बताया कि उक्त निर्वाचन के लिए 01 जनवरी 2024 की संदर्भ तारीख के आधार पर फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार की जाएगी। उन्होंने बताया कि निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत दावा आपत्ति 23 अक्टूबर तक आमंत्रित की गई है, जिनका निराकरण 29 अक्टूबर 2024 तक किया जाकर निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 22 नवम्बर को किया जाएगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि नगरीय निकायवार प्रारंभिक प्रकाशन के लिए चिन्हांकित विविध स्थानों की जानकारी नगरपालिका परिषद कांकेर के 21 वार्डों और चार नगर पंचायत के 15-15 वार्डों में प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। दावे एवं आपत्तियों को प्राप्त करने निर्धारित स्थलों की पंचायतवार, निकायवार, वार्डवार की कुल 81 वार्ड हैं। दावे एवं आपत्तियों को प्राप्त करने तथा उनका निराकरण करने 23 अक्टूबर तक तिथि निर्धारित की गई है। निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन 22 नवम्बर को किया जाएगा। इसके अलावा पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में जिला स्तर एवं ब्लॉक स्तर पर जाबो कार्यक्रम अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया जाएगा।



### नगरीय निकाय के मतदाता

*नगरीय निकाय अंतर्गत नगरपालिका परिषद कांकेर में 9733 पुरूष और 11133 महिला कुल 20866 मतदाता, नगर पंचायत चारामा में 3437 पुरूष 3753 महिला कुल 7190, भानुप्रतापपुर में 2916 पुरूष 3097 महिला कुल 6013, अंतागढ़ में 2220 पुरूष 2452 महिला कुल 4672 तथा नगर पंचायत पखांजूर में 3590 पुरूष और 3695 महिला तथा 08 थर्ड जेंडर कुल 7293 मतदाता हैं। इनमें 21896 पुरूष, 24130 महिला और 08 थर्ड जेंडर इस प्रकार कुल 46034 मतदाता शामिल हैं।*

### जनपद पंचायतों के मतदाता

*त्रिस्तरीय पंचायत के तहत निर्वाचकों की प्रारंभिक सूची के अनुसार जनपद पंचायत कांकेर में 35683 पुरूष 38871 महिला तथा 01 थर्ड जेंडर इस प्रकार कुल 74555 मतदाता हैं। जनपद पंचायत चारामा में 36925 पुरूष, 38890 महिला कुल 75815, नरहरपुर में 39953 पुरूष, 43120 महिला कुल 83073, भानुप्रतापपुर में 31680 पुरूष, 34161 महिला कुल 65841, दुर्गूकोंदल में 23060 पुरूष, 23804 महिला कुल 46864, अंतागढ़ में 23578 पुरूष, 24496 महिला कुल 48074 और जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा में 59466 पुरूष, 57138 महिला के कुल 116604 इस प्रकार जिले के सभी जनपद पंचायतों में 510826 मतदाता हैं। इनमें कुल 02 लाख 50 हजार 345 पुरूष मतदाता, 02 लाख 60 हजार 480 महिला और 01 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं।*

## भागवत की कथा उसी भाषा में हो, जिससे श्रोता को समझ आए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

संगीतमय श्रीमदभागवत कथा महापुराण का आयोजन वार्ड क्रमांक 1 चारामा में 13 से 23 अक्टूबर तक विनोद साहू एवं समस्त गुरुपंचायन परिवार चारामा के तत्वाधान में किया जा रहा है। कथा को सुनने के लिए नगर के साथ-साथ दूर से श्रोतागण पहुंच रहें है।

श्रीमद्भागवत कथा महापुराण में प्रवचनकर्ता पंडित तोरण महाराज ने कथा के चतुर्थ दिवस में वामनदान एवं श्री कृष्ण जन्म की कथा का श्रवणपान किया गया, जिसमे दान के संकल्प और भगवान के जन्मोत्सव में शामिल होने को सौभाग्य बताया गया। महाराज ने कहा यदि कोई दान कार्य या धर्मार्थ के कार्यो में बाधा डालते हैं तो उसके जीवन का नाश निश्चित है। यदि आप स्वयं नहीं कर सकते तो जो कर रहे है उनका सहयोग अवश्य करें। सहयोग जरुरी नहीं है की केवल अर्थ का हो मानसिक सहमति से सहयोग देने पर भी पुण्य फल की प्राप्ति होगा। कथा वाचको को कथा उसी भाषा में सुनानी चाहिए, जिस भाषा में उस अंचल के लोगो को कथा समझ आ सके और आयोजक एवं श्रोता के जीवन में सकरात्मक परवर्तन आ सके। अपनी कथा को अपने अंचल की भाषा छत्तीसगढ़ी में सुनाने का सफर शुरू किया।

### रसोइया संयुक्त संघ की 20 को होगी बैठक

**दुधावा।** छत्तीसगढ़ स्कूल मध्यान्ह भोजन रसोईया संयुक्त संघ का बैठक 20 अक्टूबर दिन रविवार को तहसील भानुप्रतापपुर स्थान रेस्ट हाऊस के सामने सामुदायिक भवन में बैठक की जाएगी। इस बैठक में सभी रसोईयों को आना अनिवार्य हैं, वहीं साथ में अपने बैंक पासबुक लेकर आने को कहा गया है। उक्त जानकारी टीभू तारम ब्लॉक अध्यक्ष, केदार नायक ब्लॉक सचिव ने दी।

## डॉक्टर व स्टाफ से अभद्रता का विरोध डॉक्टर एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर


जूनियर डॉक्टर एसोसीएशन चिकित्सा महाविद्यालय के द्वारा ड्यूटी डॉक्टर और स्टाफ के साथ दुर्व्यवहार और धमकी की घटना के संबंध में संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक को ज्ञापन सौंप इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच एंव उचित कार्यवाही की मांग किया गया है। जूनियर डॉक्टर एसोसीएशन ने ज्ञापन में कहा कि पूर्व में डयूटी डॉक्टर और स्टाफ के साथ दुर्व्यवहार और धमकी की घटना होती रही है और हर बार हमारे द्वारा सुरक्षा कि मांग कि जा चुका है, किन्तु अब तक उचित कार्यवाही नहीं हो पाई है। वर्तमान में कोमल देव जिला चिकित्सालय में पुनः हमारे डयूटी पर तैनात डॉक्टर और स्टाफ को दुर्व्यवहार धमकी और उत्पीड़न का सामना करना पड़ा जो दो अलग अलग मौकों पर घटित हुआ है। 12 अक्टूबर को नाइट ड्यूटी के दौरान कुछ व्यक्तियों ने अस्पताल परिसर में हंगामा किया। उन्होंने एक मुलायजा को लेकर ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर और स्टाफ को धमकाया और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। इसके साथ ही उन लोगों ने स्टाफ के फोटो और वीडियो भी बनाए जिससे स्टाफ को असुरक्षा का अनुभव हुआ। 15 अक्टूबर शाम को वही व्यक्ति पुनः अस्पताल आए ड्यूटी रोस्टर की फोटो ली और स्टाफ से डॉक्टर के बारे में जानकारी मांगने लगे। रात में 10-20 लोगों की एक भीड़ अस्पताल में आ गई और दोबारा हंगामा मचाया। उन्होंने 12 अक्टूबर को मुलायजा करने वाले डॉक्टर का फोन नंबर और घर का पता मांगते हुए उनके घर जाकर धमकी देने की बात कही। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर और स्टाफ को कई घंटे तक परेशान किया गया। इसके अतिरिक्त भीड़ में से एक व्यक्ति ने लोगों को भड़काया कि वे डॉक्टर को जबरदस्ती अपने घर ले के आएंगे और वही उनका इलाज करवाएंगे और मुलायजा रिपोर्ट बनवाएंगे। कुछ लोग नियमित रूप से अस्पताल में आकर अपनी पहुँच और प्रभाव का प्रदर्शन करते हुए डॉक्टरों और स्टाफ को धमकाते हैं और परेशान करते हैं। इस प्रकार की घटनाएं स्टाफ की सुरक्षा और मनोबल को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रही हैं। जूनियर डॉक्टर एसोसीएशन ने कहा कि यह व्यवहार न केवल अस्पताल के वातावरण को बिगाड़ता है बल्कि हमारे चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है। इस प्रकार की घटनाओं से हमारे स्टाफ को उनके कार्यक्षेत्र में तनाव और असुरक्षा का सामना करना पड़ता है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच एंव उचित कार्यवाही करें, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और दोषी व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं।

## विधायक विक्रम ने जन्मदिन पर मरीजों को फल बांटकर दीर्घायु होने की शुभकामनाएं दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर







पाँचवी बार के विधायक, पूर्व मंत्री व भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष विक्रम उसेंडी अपने जन्मदिन पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पखांजुर में मरीजों को फल वितरण कर जल्द स्वास्थ्य लाभ लेने की कामना किया और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लिया।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने पखांजुर गेस्ट हाउस में अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी का 59 वां जन्मदिन धूमधाम से मनाने को लेकर सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित किया और जन्मदिन मनाने के लिए क्षेत्र से ढाई हजार से ज्यादा कार्यकर्ता पहुँचे थे। उनके जन्मदिन को मनाने के लिए पखांजुर के अलावा अंतागढ़, भानुप्रतापपुर और कांकेर से भी बधाई देने के लिए उनके शुभचिंतक पहुँचे थे। पखांजुर में भाजपा कार्यकर्ता के अलावा शासकीय अधिकारी भी बधाई देने के लिए पहुँचे थे। कांकेर से पहुँचे भाजपा के प्रदेश मंत्री महेश जैन ने कहा कि मैं लंबे समय से विक्रम उसेंडी जी को राजनीति में देख रहा हूँ, उनके जैसा सरल नेता मिलना मुश्किल है। जिले के अंतिम गाँव का कार्यकर्ता उनके पास पहुँचता है तो उसको भी सम्मान देते है, यही शालीनता के कारण आज हर व्यक्ति के दिल में राज करते है। भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष राजा देवनानी ने कहा कि विक्रम उसेंडी भाजपा सरकार में मंत्री और संगठन के प्रदेश प्रमुख भी रह चुके है, परंतु आज उनकी सादगी ऐसी है कि संगठन ने जो दायित्व दिया, उसे बहुत ही ईमानदारी से निर्वाह करते है।

जन्मदिन की बधाई देने पहुँचे सुनील जैन, गोविंद बाधवानी, मुकेश बाजपेयी, रामविलास गुप्ता, नरोत्तम चौहान, मनोज मंडल, मोनिका साहा, शंकर सरकार व अन्य स्थानीय नेताओं का कहना था कि पाँचवी बार विधायक बने है, परंतु उनके व्यवहार में आज तक हम लोगों ने कोई बदलाव नहीं दिखा है। हर कार्यकर्ता की बात सुनने वाले विक्रम हर कार्यकर्ता के दिल में राज करते है और उसी का परिणाम है कि जनता उनको पाँचवी बार विधायक बनने का मौका दिया है। जन्मदिन के अवसर पर मीडिया से बात करते हुए विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा कि क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का प्यार एवं उनका विश्वास हमेशा मेरे साथ है और भविष्य में भी रहेगा।

## 54 आवेदनों का मौके पर किया निपटारा



**कांकेर।** कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार चारामा विकासखण्ड के ग्राम हल्बा में आज ब्लॉक स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जहां पर कुल 71 आवेदन प्राप्त हुए और 54 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष आवेदनों को संबंधित विभाग को निराकरण के लिए निर्देशित किया गया है। जनपद पंचायत के सीईओ के अनुसार जिले के आम नागरिकों की शिकायतों, आवश्यकताओं एवं समस्याओं का समाधान के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम हल्बा में आयोजित शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 29, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के 14 तथा राजस्व विभाग के 08 आवेदन प्राप्त हुए।

## कार्यकर्ता प्रत्येक वार्ड में लगन से करेंगे कार्य : मौर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- भाजपा की वादाखिलाफी से जनता परेशान
- नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्षदों व पदाधिकारियों की हुई बैठक




राजीव भवन में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य की अध्यक्षता में आगामी नगरीय निकाय चुनाव को लेकर पदाधिकारियो, अध्यक्षों एवं पार्षदों की बैठक बुधवार को हुई। अध्यक्ष ने कहा कि निकाय चुनाव को लेकर जनता और कार्यकर्ताओं में उत्साह है। कार्यकर्ता प्रत्येक वार्ड में पूरी लगन से कार्य करेंगे, हम निकाय चुनाव के लिए तैयार हैं। भाजपा की वादा खिलाफी से जनता परेशान है। किसान, महिला, पुरुष, युवा, व्यापारी डरे सहमे हुए हैं। आपराधिक घटनाएं बढ़ी हुई है। भाजपा का झूठ जनता पहचान चुकी है। इस दौरान पूर्व विधायक रेखचन्द जैन, जतिन जायसवाल, अतिरिक्त शुक्ला, निगम अध्यक्ष कविता साहू, नेता प्रतिपक्ष उदयनाथ जेम्स, राजेश राय, सतपाल शर्मा, हनुमान द्विवेदी, अनवर खान, रामशंकर राव, परमजीत जसवाल, कैलाश नाग, राजेश चौधरी, सहदेव नाग, रोजविन दास, पार्षद विक्रम डांगी, बलराम यादव, आभास महंती, कमलेश पाठक, सुषमा कश्यप समेत कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

### त्रिशूल दीक्षा में भाग लेंगे, 11सौ बजरंगी

**कांकेर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कांकेर जिला मंत्री ने समस्त सनातनी हिंदू समाज को सादर आमंत्रित करते हुए कहा कि प्रथम बार विभाग स्तरीय त्रिशुल दीक्षा शक्ति समागम कार्यक्रम 20 अक्टूबर को 11 सौ की संख्या में स्थान मंगल भवन भानुप्रतापपुर में 12 बजे आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पूज्य राजीव लोचन महाराज चित्रकूट धाम मध्यप्रदेश, अम्बरीष सिंह केंद्रीय मंत्री विश्व हिंदू परिषद केंद्र दिल्ली, चंद्रशेखर वर्मा विश्व हिंदू परिषद कार्यध्यक्ष केंद्र रायपुर, ऋषि मिश्रा प्रांत संयोजक बजरंग दल केंद्र रायपुर, शुभम नाग प्रांत सह संयोजक बजरंग दल केंद्र रायपुर, ज्ञान सिंह गौर जिला कार्यअध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज से उपस्थित रहेंगे। वक्तव्य उद्बोधन पश्चात बजरंग दल के समस्त कार्यकर्ता के द्वारा नगर पर पथ संचलन किया जाएगा।

### 24 की जिला रैली व प्रदर्शन में होगा शामिल टीचर्स एसोसिएशन चारामा

**चारामा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन चारामा की बैठक कर्मचारी भवन में हुई और 24 अक्टूबर को जिला स्तरीय रैली को लेकर चर्चा किया गया। एसोसिएशन के सभी शिक्षक सामूहिक अवकाश लेकर रैली में शामिल होने का निर्णय लिया गया। एलबी संवर्ग के प्रमुख मांग मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर क्रमोन्नत वेतनमान देने, पूर्व सेवा को गणना करते हुए पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाए, जबकि भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को जारी आदेश समान 35वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन करने तथा उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा पात्र सभी एलबी संवर्ग के शिक्षकों को क्रमोन्नत समयमान वेतनमान का विभागीय आदेश करने की मांग शामिल है। जायज मांगों को लेकर जिला स्तरीय रैली के साथ धरना प्रदर्शन में सामूहिक अवकाश लेकर शामिल होने का आव्हान छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन चारामा ने किया है।

## सामुदायिक भवन का रंग रोगन के साथ किया जा रहा जीणोद्धार



**दुर्गुकोंदल।** मीवान स्टील्स प्राइवेट लिमिटेड हाहालद्दी के द्वारा सामुदायिक भवन दुर्गुकोंदल का रंग रोगन के साथ जीर्णोद्धार किया जा रहा है। रंग रोगन और जर्जर स्थानों की जीर्णोद्धार से भवन साफ सुथरी दिखाई दे रही है। हालांकि यह पूर्ण नहीं हुई है, लेकिन पेंटर, राजमिस्त्री लगातार कार्य कर रहे हैं। माइंस प्रबंधन ने बताया कि सामुदायिक भवन दुर्गूकोंदल सरकारी और सामाजिक, निजी कार्यक्रमों के लिए उपयोगी भवन है। चूंकि इस भवन की लंबे समय रंग रोगन, पोताई नहीं हुई थी, बोर है, लेकिन बंद पड़ी थी, खिड़की, दरवाजे टूटे हुए थे। भवन के कुछ हिस्सों के सीमेंट की प्लास्टर उखड़े हुए थे, इसलिए हमारी कंपनी ने आम नागरिक, प्रशिक्षण, सामाजिक कार्यक्रमों, सरकारी कार्यों में पहुंचे लोगों को सुविधा पहुंचाने की उद्देश्य से सामुदायिक भवन का रंग रोगन जीर्णोद्धार कर रहे हैं। नई खिड़की व दरवाजे लगाई जा रही है। बोर बंद पड़े थे, इसे सुधारा जा रहा है। वायरिंग, पंखे, ट्यूब लाईट को सुधारा जा रहा है। शौचालय भी लंबे समय से बंद है उसे भी ठीक करवाया जा रहा है।

## चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर।** कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए तहसील नरहरपुर के ग्राम देवीनवागांव निवासी 43 वर्षीय कमल कुमार रजक की आग में जलने से मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी केकती रजक को चार लाख रूपएं की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

केंद्र की योजनाओं से हितग्राही हो रहे लाभान्वित

## आवास मेले के दौरान हितग्राहियों को दिया गया स्वीकृति प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत गुदुम में पीएम आवास योजना ग्रामीण का आयोजन किया गया और मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में आवास मेला का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जनपद अध्यक्ष संतो दुग्गा ने कहा कि वास्तव में केंद्र सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आम जनता के हित में लगातार कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं की सुनिश्चित करने की उद्देश्य समर्पित भाव से देश की सेवा कर रहे हैं। जनप्रतिनिधि हो या लोक सेवक सभी आम जनता के प्रति जिम्मेदार है और उन्हें अपने दायित्व निर्वाह करना है। विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिरो कोमरे, भाजपा महिला मोर्चा के उपाध्यक्ष शकुंतला नरेटी ने कहा कि प्रधानमंत्री की योजना उन परिवारों के लिए है, जिसके सिर पर पक्की छत नहीं है उन्होंने सभी उपस्थित सुविधाओं को समय सीमा में आवास निर्माण पूरा करने तथा इसके तहत मिली राशि को आवास बनाने में करने की बात कही। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र बंजारे ने बताया कि विकासखंड दुर्गुकोंदल में 4286 आवास स्वीकृत की गई है। आवास मेला में ग्राम पंचायत गुदुम, साधु मिचगाव, सुरूगदोह, जाड़ेकुर्सी, कराकी, कोडरूज, चाऊरगांव के ग्रामीण पहुंचे थे। ग्राम पंचायत के हितग्राहियों स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया गया। ग्राम पंचायत गुदुम में कुल 207 आवास स्वीकृत की गई है, जिसमें 152 प्रगति पर है, 32 आवास में नींव खुदाई की गई है, 75 आवस सामग्री उपलब्ध कराई गई है, 39 आवास पर लेआउट की गई है। इस तरह से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत विकासखंड में कार्य प्रगति पर है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विजय पटेल, सुचिता पुरामें, कलिता आंचला, सतीश जैन, आरडी ठाकुर, एडीओ जितेंद्र साहू, प्रमोद ठाकुर व अन्य लोग उपस्थित रहें।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024, 20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025
24 जनवरी से 05 फरवरी 2025, 21 फरवरी से 05 मार्च 2025
02 मार्च से 19 मार्च 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंठ, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशिः-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/- 2 एसी 30,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411